**बिहार सरकार**
**उद्योग विभाग**
**अधिसूचना**

पटना, दिनांक– ...........................

सं0– 05/ स0 बियाडा (भू0 हस्तांतरण भागलपुर) – 50/2025......................../ मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक – 05.08.2025 के मद सं0–10 में दी गयी स्वीकृति के आलोक में भागलपुर जिला अन्तर्गत अंचल–गोराडीह के मौजा–मोहनपुर, थाना सं0–476, खाता सं0 –64 के खेसरा संख्या– 58 एवं 62 में क्रमशः 50.23 एकड़ एवं 46.66 एकड़ कुल प्रस्तावित रकवा–96.89 एकड़ अधिशेष के तहत अर्जित बिहार सरकार की भूमि पर नव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर निर्माण हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–769 दिनांक–05.08.2025 द्वारा उद्योग विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क अंतर्विभागीय स्थायी हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम 1974 की धारा– 2 (f), 3, 4 (A) (i), 9 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु उक्त भूमि को उद्योग विभाग द्वारा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा), पटना को हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उक्त प्रस्तावित रकवा–96.89 एकड़ को नव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर निर्माण हेतु अधिसूचित किया जाता है।

4. उक्त हस्तांतरण इस शर्त के साथ की जाती है कि जिस प्रयोजन हेतु भूमि दी जा रही है, उसमें उसकी उपयोगिता नहीं रहने पर भूमि स्वतः उद्योग विभाग को लौट जाएगी।

5. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक – 636/रा0 दिनांक– 12.03.1991 एवं खास महाल मैनुअल के प्रावधानों तथा समय–समय पर निर्गत राजस्व विभागीय परिपत्रों से यह हस्तांतरण आच्छादित होंगे।

6 उक्त प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

7. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

8. यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(विनोद कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक ........................ पटना, दिनांक............

प्रतिलिपिः–प्रभारी पदाधिकारी, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार,पटना को एक सॉफ्ट कॉपी एवं दो हार्ड कॉपी के साथ बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक ....................... पटना, दिनांक............

प्रतिलिपिः—महालेखाकार, बिहार, पटना/मुख्य सचिव, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रमंडलीय आयुक्त,भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर/समाहर्त्ता, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक ....................... पटना, दिनांक............

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा), पटना को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक—769 दिनांक—05.08.2025 की छायाप्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 4124 पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः— निदेशक, उद्योग/निदेशक खाद्य प्रसंस्करण/निदेशक तकनीकी विकास/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/माननीय मंत्री, उद्योग विभाग बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/09

सरकार के अपर सचिव

IT manager